

प्रदेश में रोप–वे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम ने कालीमठ मंदिर में पूजा अर्चना की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कालीमठ मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की।

### मंत्री सौरभ बहुगुणा हुए संक्रमित



**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सरकार में मंत्री सौरभ बहुगुणा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि साथियों, आपको सूचित करना चाहता हूं कि कल रात तबियत खराब होने के बाद आज सुबह मैंने अपना आरटीपीसीआर टेस्ट कराया। जिसमें मैं पॉजिटिव पाया गया हूं। फिलहाल तबीयत ठीक है। कहा कि डॉक्टर द्वारा बताए गए सभी नियमों का उचित रूप से पालन कर रहा हूं। आप सबसे अपील करता हूं कि जो भी लोग पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए हैं, वे अपना कोविड टेस्ट जरूर करा लें और अपना ध्यान रखें।

### ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर ईश्वर का साक्षात्कार करें: भारती

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में 24 से 30 अप्रैल तक 'श्री कृष्ण कथा' का भव्य एवं विशाल आयोजन किया जा रहा है। संस्थान द्वारा आयोजित श्री कृष्ण कथा का प्रसारण संस्थान के यूट्यूब चौनल पर वर्चुअल वेबकास्ट के माध्यम से किया जा रहा है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक गुरुदेव आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी आस्था भारती जी ने कथा के द्वितीय दिवस भक्त पुरंदरदास जी की आध्यात्मिक यात्रा का वर्णन किया।

### फर्न्स एंड पेटल्स ने दो नए आउटलेट किए शुरू

**संवाददाता** देहरादून। भारत में तेजी से विस्तार ले रही कंपनी फर्न्स एंड पेटल्स ने हाल ही में देहरादून में अपना तीसरा फ्लावर स्टोर और पहला केक आउटलेट प्रारंभ किया है। फ्लॉवर स्टोर शॉप नंबर 7, तिलक रोड, बिंदल चौक के पास स्थित है। जबकि केक्स आउटलेट शॉप नंबर 4, 222६ 113 सहारनपुर रोड, ग्रोवर टावर, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, पटेल नगर पर है। नए आउटलेट करीब 520 स्क्वायर फीट और 550 स्क्वायर फीट में तैयार हुए हैं।

# सड़क सुरक्षा समिति के सुझावों को शीघ्र से शीघ्र अमल में लाया जाए

**बैठक**

■ सीएस ने दिए दुर्घटनाओं को रोकने को ठोस कार्ययोजना तैयार कर आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश

■ प्रस्तावित कार्यो को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूरा करने के भी निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर गठित समिति द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा समिति के सुझावों को शीघ्र से शीघ्र अमल में लाया जाए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों को ठोस कार्ययोजना तैयार कर आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक उपाय अपनाने एवं दुर्घटना होने की स्थिति में परिवहन, पुलिस, लोनिवि एवं स्वास्थ्य विभाग को रिस्पांस टाईम न्यूनतम करने हेतु लगातार प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रस्तावित कार्यो को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूरा करने के भी निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने प्रदेश के दुर्घटना सम्भावित मार्गों में क्रैश बैरियर शीघ्र से शीघ्र स्थापित किए जाने के साथ ही उचित संख्या में साईनेज आदि लगाए जाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में आईआरसी गाईडलाईन के अनुसार एम्बुलेंस आदि की तैनाती के साथ ही अन्य सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने समिति के अन्तर्गत लीड एजेन्सी में विभिन्न विभागों के द्वारा की जाने वाले रेग्यूलर मैंबर और मिनिस्टीरियल स्टाफ की नियमित रूप से तैनाती किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समय–समय पर व्यवसायिक वाहनों एवं स्कूल बसों का निरीक्षण किए जाने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने से रोका जा सके। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को अपने–अपने स्तर से आवश्यक कदम उठाते हुए लीड एजेन्सी को कृत कार्रवाई के सम्बन्ध में लगातार जानकारी साझा करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, रविनाथ रमन, आयुक्त परिवहन रणवीर सिंह चौहान सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यसचिव ने प्रदेश में रोप–वे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश में रोप–वे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीएस ने रोप–वे प्रोजेक्ट्स में फॉरेस्ट क्लियरेंस, एनएच एवं अन्य अप्रूवल आदि में लग रहे समय को देखते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए हैं।

सीएस ने अधिकारियों को प्रतिदिन प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के निर्देश दिए। कहा कि सभी प्रोजेक्ट्स का विशेषज्ञों द्वारा सर्वे करवा कर अधिक फुटफॉल वाले प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता पर लिया जाए, ताकि जहां अधिक आवश्यकता है उनका कार्य समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने मसूरी और यमुनोत्री रोप–वे निर्माण कार्य की प्रत्येक कार्य पूर्ण होने की तिथि निर्धारित करते हुए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सीएस ने इंटरडिपार्टमेंटल कॉर्डिनेशन के लिए प्रोजेक्ट्स को उन्नति पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों एवं स्वीकृतियों में गति लायी जा सके, फिर भी कोई समस्या आ रही हो तो मुख्य सचिव स्तर पर बैठक आयोजित करवाई जाए ताकि समस्या का त्वरित निस्तारण किया जा सके।

# कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने के निर्देश

**समीक्षा**

■ग्राम्य विकास मंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी द्वारा विधानसभा स्थित सभा कक्ष में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने पूर्व में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा किये गये कार्य प्रगति की जानकारी ली। मंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के तहत संचालित महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना आदि अन्य योजनाएं), राज्य पोषित योजनाओं ( प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मेरा गांव मेरी सड़क, मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूवेटर व अन्य योजनाएं) तथा वाह्य सहायतित योजना (एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना) के बारे में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत चौक डेम, वाटर स्टोरेज हारवेस्टिंग, मत्स्य पालन के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा 100 दिन के भीतर किये जाने वाले कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया। मंत्री ने रायपुर ब्लाक में विभाग द्वारा नव निर्मित आउटलेट का उद्घाटन किये जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत आने वाली सड़कों तथा ब्रिजों का निर्माण कार्य सितंबर 2022 तक पूर्ण कर लिए जाये।

मंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का विभिन्न माध्यमों (सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, होर्डिंग्स आदि) से प्रचार–प्रसार किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

## उत्तराखंड में आए कोरोना के 16 मामले, दो मरीज हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में आज मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 16 मामले सामने आए हैं। राज्य सरकार के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, आज दो व्यक्ति स्वस्थ हो गए। वहीं, राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 87 हो गई है। प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 87 पहुंच गई है। वहीं, दूसरी ओर रिकवरी रेट 96.12 फीसद पर पहुंच गया है। आज राज्य में कोरोना के 16 नए मामले मिले हैं। इस दौरान दो मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। दूसरी ओर, कोरोना से आज किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। आज कोरोना संक्रमण दर 1.04 प्रतिशत रही। उत्घ्तराखंड में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। राज्घ्य में अभी 87 सक्रिय मामले हैं। देहरादून जनपद में सबसे अधिक 53 कोरोना के मामले हैं, जबकि हरिद्वार में 24 मामले सक्रिय हैं। नैनीताल में पांच एक्टिव केस हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।